# फीजी बैंकनोट
# नई पॉलिमर सीरीज़

136 x 67mm







**आगे की डिज़ाइन** में फीजी के स्थानिक यानि  एंडेमिक कूलावाई (लाल-गले वाले लोरिकीट) को दिखाया गया है, जो तोते परिवार का हमारा सबसे छोटा सदस्य है। मुख्यतः हरे रंग का कूलावाई पहाड़ी जंगल की ऊपरी शाखाओं में पाया जाने वाला एक अत्यंत दुर्लभ पक्षी है, जो फूलों का रस और पॉलन पर निर्भर करता है। इसे आखिरी बार 1993 में देखा गया था, और हाल के वर्षों में इसे खोजने के प्रयास विफल रहे हैं।


बैंकनोट पर एक पारदर्शी विण्डो में काटो नी मासिमा (नमक की टोकरी) का चित्र दिखाया गया है।

**पीछे की डिज़ाइन** में लुप्तप्राय वोनू दीना (हरा कछुआ) का चित्र दिखाया गया है। यह सबसे बड़े समुद्री कछुओं में से एक है और फीजी में सबसे अधिक पाया जाने वाला कछुआ है। विश्व में पाई जाने वाली सात विभिन्न प्रजातियों में से यह एकमात्र शाकाहारी कछुआ है जो मुख्य रूप से समुद्री घास और शैवाल यानि एलगी खाता है। हरे कछुओं द्वारा खाई जाने वाली वूतीया समुद्री घास (सिरिंगोडियम आइसोएटिफोलियम) का चित्र भी दिखाया गया है।

हमें गर्व है कि हम इन प्रजातियों को विश्व के सामने उजागर कर रहे हैं और इनकी सस्टेनेबिलिटी यानि भविष्य के लिए संरक्षित करने में योगदान दे रहे हैं।

141 x 67mm









**आगे की डिज़ाइन** फीजी की स्थानिक यानि  एंडेमिक मछली बेली (लीवर्स गॉबी) को दिखाती है। बेली मीठे पानी में रहने वाली कुछ गिनी-चुनी मछलियों में से एक है, जो अपना पूरा जीवन पत्थरों पर तेज़ बहते मीठे पानी में बिताती है जिनसे वे अक्सर चिपक जाती हैं। किसी भी नदी में इनका पाया जाना यह दर्शाता है कि वहाँ का वातावरण स्वस्थ है और जल क्षेत्र में बहुत कम मानवीय हस्तक्षेप हुआ है।

बैंकनोट पर एक पारदर्शी विण्डो के साथ एक ई बूम्बुराऊ नी बेते (बतख के आकार का बर्तन) का चित्र दिखाया गया है।

**पीछे की डिज़ाइन** में तटीय क्षेत्र में मैंग्रोव के पौधे लगाते हुए बच्चों को दिखाया गया है। तटीय विकास के कारण मैंग्रोव बड़े पैमाने पर खतरे में हैं। मैंग्रोव की रक्षा करने और क्षतिग्रस्त मैंग्रोव को पुनर्स्थापित करने के लिए जागरूकता आवश्यक है क्योंकि मैंग्रोव को जलवायु हीरो माना जाता है। वे वायुमंडल से कार्बन को अवशोषित करके जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने और वैश्विक तापमान को कम करने में मदद करते हैं।

146 x 67mm








**आगे की डिज़ाइन** में प्रसिद्ध कदाऊ नी गाँऊ (फीजी पेट्रेल) पक्षी को दिखाया गया है, जो केवल फीजी के गाँऊ द्वीप पर ही घोंसला बनाता है। कदाऊ नी गाँऊ अपने जीवन का अधिकांश समय एक सच्चे समुद्री पक्षी की तरह बिताता है और महीनों तक संभवतः फीजियन जलक्षेत्र से बाहर समुद्र में रहता है। इसकी उड़ान शैली इतनी विशेष है कि इसे आसानी से पहचाना जा सकता है।

बैंकनोट पर एक पारदर्शी विण्डो के साथ फ़ोआ (रोतूमन नारियल खुरचनी) का चित्र दिखाया गया है।

**पीछे की डिज़ाइन** में फीजी रिज़र्व बैंक (आरबीएफ) बिल्डिंग को दिखाया गया है, जो सूवा के प्रैट स्ट्रीट पर स्थित है। आरबीएफ फीजी गणराज्य का केंद्रीय बैंक है और इसे 1984 में एक स्वतंत्र संस्थान के रूप में संसद के एक अधिनियम - आरबीएफ अधिनियम (1983) - के माध्यम से स्थापित किया गया था।

151 x 67mm







**आगे की डिज़ाइन** में तांगीमौदिया (मेडिनेला वॉटरहाउसी) फूल को दिखाया गया है जो सम्भवत: फीजी का सबसे प्रसिद्ध फूल माना जाता है। यह फूल कई गीतों, कहानियों और लोककथाओं का विषय रहा है। तांगीमौदिया  ऊँचाई वाले जंगलों की एक लता है, और जहाँ यह पाई जाती है, वहाँ यह अक्सर गहरे लाल रंग की पंखुड़ियों के गुच्छों में प्रचुर मात्रा में खिलती है, जो शुद्ध सफ़ेद केंद्रों के साथ एक सुंदर विपरीत रंग बनाती है। यह बूआ के माउंट सेआतूरा पर भी पाई जाती है।

बैंकनोट पर एक पारदर्शी विण्डो के साथ वासेकासेका (व्हेल के दांत की माला) के चित्र को दिखाया गया है।

**पीछे की डिज़ाइन** में एक गिरमिटिया महिला को दिखाया गया है जिसके पीछे लियोनिदास जहाज दिखाई देता है। लियोनिदास वह पहला जहाज था जिसने 14 मई 1879 को गिरमिटियों को फीजी लाया। गिरमिटिया शब्द उन अनुबंधित मजदूरों के लिए प्रचलित है जो तत्कालीन ब्रिटिश इंडिया से फीजी में गन्ने के खेतों पर काम करने के लिए लाए गए थे। अनुबंध प्रथा को आधिकारिक तौर पर 1 जनवरी 1920 को समाप्त कर दिया गया, जिसके बाद अधिकांश गिरमिटिया स्थायी रूप से फीजी में बस गए।

156 x 67mm







**आगे की डिज़ाइन** में फीजी के स्थानिक यानि एंडेमिक नानाई (झींगुर यानि सिकाडा) को दिखाया गया है। झींगुर अपनी तेज़ आवाज़ों के लिए प्रसिद्ध हैं, जिनमें से कुछ फीजी के जंगलों में गूंजती हैं। नानाई अपने आकर्षक रूप के कारण अनूठा है और इसे वीती लेवू के भीतरी समुदायों में बहुत अच्छी तरह से जाना जाता है, क्योंकि यह हर आठ साल में एक बार बड़ी संख्या में निकलता है अन्यथा दिखाई नहीं देता।


बैंकनोट पर एक पारदर्शी विण्डो के साथ बूली कूला (गोल्डन कौड़ी) का चित्र दिखाया गया है।

**पीछे की डिज़ाइन** में एक ई-तउकई (मूल फीजियन) व्यक्ति को पारंपरिक वेशभूषा में नंगोना का बिलो (प्याली) पकड़े हुए दिखाया गया है। नंगोना, ई-तउकई संस्कृति का एक अभिन्न हिस्सा है और इसका सेवन पारंपरिक समारोहों जैसे मेहमानों का स्वागत करने, विवादों को सुलझाने और शांति स्थापित करने के लिए औपचारिक रूप से किया जाता है। फीजी में नंगोना का सेवन सामाजिक समारोहों में भी बड़े पैमाने पर किया जाता है और इसे फीजी का राष्ट्रीय पेय माना जाता है।


## अपने बैंकनोटों को जानिए

सभी मूल्य-वर्ग के नोटों में सुरक्षा विशेषताएं एक समान होती हैं।

### छूकर महसूस करें

1 

स्पर्श रेखाएं
नोट के छोटे किनारों पर उभरी हुई रेखाओं को छूकर महसूस करें। $5, $10, $20, $50 और $100 के नोटों पर क्रमशः 4, 6, 8, 10 और 12 रेखाएं हैं जो नेत्रहीन और दृष्टिहीन व्यक्तियों द्वारा पहचान के लिए बनाई गई हैं।

2 

स्पर्श बिंदु
बैंकनोट के पीछे दाईं तरफ निचले कोने में उभरे हुए बिंदुओं को छूकर महसूस करें। $5, $10, $20, $50 और $100 नोटों पर क्रमशः 2, 4, 6, 8 और 10 बिंदु हैं जो नेत्रहीन और दृष्टिहीन व्यक्तियों द्वारा पहचान के लिए बनाई गई हैं।


3 

उत्कीर्ण मुद्रण यानि इंटैगलियो प्रिंट
आगे की तरफ वनस्पतियों और जीवों के चित्रों, "फीजी" शब्द, अंकित मूल्य-वर्ग और हस्ताक्षर की उभरी हुई छपाई को छूकर महसूस करें।

### देखें

4 

छाया चित्र
बैंकनोट को रोशनी में रखकर एक ई-तउकई पुरुष का चित्र देखें।

5 

पारदर्शी विण्डो
$5, $10, $20, $50 और $100 के नोटों की पारदर्शी विण्डो पर क्रमशः कातो नी मासीमा (नमक की टोकरी), ई बूम्बुराऊ नी बेते (बतख के आकार का बर्तन), फोआ (रोतूमन नारियल खुरचनी), वासेकासेका (व्हेल के दाँत का हार) और बूली कूला (गोल्डन कौड़ी) का चित्र देखें।

### जांच करें


6 

प्रतिदीप्ति यानि फ्लोरोसेंस
अल्ट्रा-वायलेट रोशनी में देखने पर आप बैंकनोट के कुछ हिस्सों को चमकते हुए देखेंगे।

7 

सूक्ष्म लेखन यानि माइक्रोटेक्स्ट
आवर्धन यानि मैग्निफिकेशन के द्वारा छपाई में छिपे हुए छोटे शब्दों और संख्याओं को खोजें।


### तिरछा करें

8 

त्रि-आयामी चलायमान पट्टी
आगे की तरफ एक सूक्ष्म-ऑप्टिकल पट्टी है जिसमें फीजी का राजचिह्न, नंगोना की पत्तियाँ और तानोआ अंकित हैं। बैंकनोट को अलग-अलग कोणों पर तिरछा करके देखें कि फीजी का राजचिह्न दिखाई देता और गायब होता है, नंगोना की पत्तियाँ चमकती हैं, सतह पर पानी की बूंदें जैसी दिखाई देती हैं, जबकि तानोआ पर गहरी छाप दिखती है। नंगोना की पत्तियाँ बैंकनोट के पीछे की तरफ से भी दिखाई देती हैं।

9 


रंग बदलने का इफेक्ट
बैंकनोट को तिरछा करके रंग बदलने का इफेक्ट देखें।

10 

इंद्रधनुषी चमक यानि इरिडेसेंस
बैंकनोट को तिरछा करके पीछे की तरफ सोने जैसी चमकदार स्याही देखें।

**Reserve Bank of Fiji**

**Physical Address:** Pratt Street, Suva, Fiji | **Postal Address:** Private Mail Bag, Suva, Fiji
**Phone:** (+679) 331 3611 | **Email:** info@rbf.gov.fj | **Website:** www.rbf.gov.fj

**Our Values…** Teamwork… Respect… Unwavering Focus… Stewardship… Transparency & Integrity